नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

नीट पेपर लीक मामला

# दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनता से कहा
- दतिया में भाजपा की जीत का दिलाया भरोसा



**फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए होगी त्वरित सुनवाई**

सिंधिया ने बताया कि इस मामले में कैबिनेट में एक विधेयक लाया जा रहा है, जिसके तहत फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। इससे पेपर लीक जैसे मामलों की शीघ्र सुनवाई होगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाई जा सकेगी. उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत का भरोसा जताया है।**

ग्वालियर प्रवास के दौरान उन्होंने नीट पेपर लीक मामले पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

दतिया विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए आए सिंधिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास का चुनाव है और केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार दतिया के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में चल रहे छात्र आंदोलन पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंधिया ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनकी मेहनत के साथ किसी भी तरह का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही अनियमितताओं की जानकारी सामने आई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। सरकार इस पूरे मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दो जवान को जेल

**भोपाल, 24 जुलाई. राजधानी में 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के गंभीर मामले में पुलिस ने विशेष सशस्त्र बल के दो आरक्षकों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है.**

टीआई राजेंद्र अहिरवार के अनुसार, मुख्य आरोपी ने 22 जुलाई को अपनी पत्नी के फोन से छात्रा को बेटी के जन्मदिन का झांसा देकर लाल परेड मैदान बुलाया. वहां से वह छात्रा को कार से एमपी नगर स्थित एक मकान में ले गया और बंधक बनाकर दुष्कर्म किया. इस दौरान दूसरा आरक्षक अपने मासूम बच्चे के साथ बाहर पहरा देता रहा.परिजनों की शिकायत पर कमला नगर थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई, जिसे बाद में जहांगीराबाद पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. फिलहाल पुलिस घटनास्थल के साक्ष्य और डिजिटल सबूत जुटाकर जांच में जुटी है.




# नमाज पर सहमति नहीं, 29 को होगी सुनवाई

- वैकल्पिक जगह पर मुस्लिम पक्ष ने जताई आपत्ति
- प्रशासन और पक्षकारों की बैठक रही बेनतीजा



नवभारत न्यूज

**धार, 24 जुलाई. भोजशाला कमाल मौला मस्जिद मामले में जुमे की नमाज के लिए वैकल्पिक स्थल को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा. सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने प्रशासन द्वारा तय किए गए स्थान पर आपत्ति जताते हुए भोजशाला के निकट व्यवस्था करने की मांग रखी.**

वहीं, राज्य सरकार की ओर से वैकल्पिक स्थल को लेकर अपना पक्ष रखा. सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आवेदन पर अगली सुनवाई 29 जुलाई तय की है. सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने न्यायालय के समक्ष कहा कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा स्थान भोजशाला के आसपास नहीं है और इससे पहले दो जुमे की नमाज प्रभावित हुई है. उन्होंने कहा कि न्यायालय के पूर्व निर्देशों की भावना के अनुरूप भोजशाला के निकट वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए. वहीं, केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय को बताया कि दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत चल रही है और आपसी सहमति से उपयुक्त स्थान तलाशने का प्रयास किया जा रहा है.

# करंट की चपेट में आने से ससुर-बहू की मौत

**जबलपुर.** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम महगवां में कपड़े सुखाने के दौरान तार में फैले करंट की चपेट में आने से पूर्व सरपंच ससुर और बहू की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, दोनों को बचाने की कोशिश में बेटा भी बुरी तरह झुलस गया, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है. महगवां निवासी कृष्णकुमार दुबे (73) पूर्व सरपंच है. शुक्रवार को उनकी बहू मयूरी दुबे (27) आंगन में लगे लोहे के तार पर गीले कपड़े डाल रही थी. आंगन में पानी भरा हुआ था और जमीन गीली थी. कपड़े फैलाते समय मयूरी का हाथ जैसे ही लोहे के तार पर पड़ा, वह उसमें उतर रहे तेज करंट की चपेट में आ गई और तड़पने लगी.

# देश सेवा के लिए सक्रिय राजनीति का रास्ता सुगम : नियाज

## पूर्व आईएएस ने दिए राजनीति में आने के संकेत

**भोपाल, 24 जुलाई . मध्यप्रदेश कैडर के पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नियाज खान ने सक्रिय राजनीति में आने के संकेत दिए हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो संदेश के माध्यम से देश में बढ़ते भ्रष्टाचार और राजनीतिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि भविष्य में कॉक्रोच जनता पार्टी नाम से कोई राजनीतिक दल बनता है तो वह उससे जुड़ना पसंद करेंगे.**



**युवाओं को सही दिशा देने का किया दावा**

वीडियो संदेश में नियाज खान ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद उनका उद्देश्य युवाओं को सही दिशा देना, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए काम करना है . उन्होंने शिक्षा को मजबूत करने और सामाजिक सुधारों पर जोर देने की बात कही . नियाज खान लंबे समय से सनातन धर्म और हिंदुत्व से जुड़े अपने विचार सार्वजनिक मंचों पर रखते रहे हैं . उनके बयानों को लेकर कई बार राजनीतिक और सामाजिक चर्चाएं भी होती रही हैं .

नियाज खान ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है और राजनीतिक स्तर में गिरावट देखने को मिल रही है. ऐसे हालात में उन्हें लगता है कि देश सेवा के लिए सक्रिय राजनीति का रास्ता अपनाना चाहिए. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह कांग्रेस में जाना चाहते हैं, लेकिन अपने 'उदारवादी हिंदू' विचारों के कारण उन्हें वहां जगह मिलने की उम्मीद नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की ओर से भी उन्हें कोई महत्व नहीं मिला और न ही उनसे कभी संपर्क किया गया. नियाज खान के अनुसार, सरकारी सेवा के दौरान भी उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी गई. पूर्व आईएएस अधिकारी नियाज खान लेखन के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं. उन्होंने अब तक सात उपन्यास लिखे हैं. उनकी पुस्तक पर आधारित वेब सीरीज बनने का दावा भी उन्होंने किया था और इस मामले में श्रेय नहीं मिलने को लेकर निर्माता के खिलाफ कानूनी कदम उठाने की बात कही थी. उन्होंने 'ब्राह्मण द ग्रेट' नाम से पुस्तक भी लिखी है, जिसमें सनातन धर्म और ब्राह्मण समाज से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए हैं.

# गड्ढे में टैक्सी गिरी, पांच घायल



**शिवपुरी, 24 जुलाई. जिले के बदरवास थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने पीछे से टैक्सी को टक्कर मार दी. यह हादसा हाईवे-46 पर नई तहसील बदरवास के सामने हुआ. टक्कर के बाद सवारियों से भरी टैक्सी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिससे पांच यात्री घायल हो गए.**

हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को टैक्सी से बाहर निकाला गया और बदरवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया. बाद में, जेसीबी की सहायता से क्षतिग्रस्त टैक्सी को गड्ढे से बाहर निकाला गया.

# साइबर ठगी के पैसों से खरीदा सोने का सिक्का

## बेंगलुरु पुलिस के नोटिस से खुला राज तो उड़ गए सर्राफा व्यापारी के होश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 24 जुलाई. शहर के सराफा बाजार स्थित गहना जेम्स एंड ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक ठग द्वारा साइबर ठगी के पैसों से 50 ग्राम सोने का सिक्का खरीदने का अजीबोगरीब मामला सामने आया है.**

**अकाउंट हुआ होल्ड, तब चला ठगी का पता**

सब कुछ सामान्य चल रहा था कि अचानक सर्राफा कारोबारी का अकाउंट होल्ड हो गया . बैंक ने ईमेल के जरिए जानकारी दी कि उनके खाते में जमा कराई गई 5 .10 लाख रुपये की राशि को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल द्वारा होल्ड कर दिया गया है .

आरोपी ने ज्वेलर्स को ऑनलाइन पेमेंट कर सिक्का तो खरीद लिया, लेकिन बाद में बेंगलुरु पुलिस का नोटिस मिलने और खाता होल्ड होने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ. पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. माधव नगर झांसी रोड निवासी 40 वर्षीय अजय मंगल पुत्र राकेश मंगल सराफा कारोबारी हैं और सराफा बाजार में गहना जेम्स एंड ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड का संचालन करते हैं. वह अपने शोरूम पर थे, तभी वहां अभिषेक परिहार नाम का एक व्यक्ति पहुंचा. उसने 50 ग्राम वजनी सोने का सिक्का खरीदने का सौदा तय किया और एडवांस के तौर पर 1 लाख रुपये एनईएफटी व 10 हजार रुपये आईएमपीएस के जरिए कारोबारी के बैंक खाते में जमा कराए. इसके अगले दिन 5 अप्रैल को आरोपी पुनः दुकान पर आया और बाकी रकम चुकाते हुए 5 लाख व 1.41 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर से जमा किए तथा 52,900 रुपये नकद दिए. कारोबारी ने नियमानुसार पक्का जीएसटी बिल जारी कर उसे सोने का सिक्का सौंप दिया.

# बंधक प्लॉट का सौदा कर महिला से ठगे 18 .75 लाख

- विकास अनुमति के लिए शासन के पास गिरवी प्लॉट
- रियल एस्टेट कंपनी की डायरेक्टर गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 24 जुलाई. विकास अनुमति के लिए शासन के पास बंधक रखे प्लॉट को बेचने का सौदा कर एक महिला से 18 लाख 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाली रियल एस्टेट कंपनी की डायरेक्टर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है.**



रियलिटी यूनाइटेड प्राइवेट इंफ्रा लिमिटेड की डायरेक्टर अनीता गहलोत ने फरियादिया वनिता डांगी को सस्ते में प्लॉट देने का झांसा दिया था. इसके बाद ऑरचिड पार्क कॉलोनी स्थित प्लॉट नंबर जे 16 का विक्रय अनुबंध तैयार कर उससे 18 लाख 75 हजार रुपए ले लिए. जांच में सामने आया कि जिस प्लॉट का सौदा किया था, वह विकास अनुमति के लिए शासन के पास बंधक था. इसके बावजूद आरोपी द्वारा प्लॉट बेचने का अनुबंध किया. शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी अनीता गहलोत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है. जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने इसी तरह अन्य बंधक प्लॉटों का सौदा कर किसी और से धोखाधड़ी तो नहीं की है.

**इनका कहना है ...**

बंधक प्लॉट का अनुबंध कर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**राजेश त्रिपाठी,**
**डीसीपी क्राईम**

# कटनी में दो लोगों से 16 लाख की ऑनलाइन ठगी

- एनकेजे थाना क्षेत्र में 15 .74 लाख की ठगी
- साइबर अपराधियों के हौसले हो रहे बुलंद

नवभारत न्यूज

**कटनी, 24 जुलाई. जिले में साइबर अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. ऑनलाइन ठगी के दो अलग-अलग मामलों में जालसाजों ने दो लोगों को निशाना बनाकर 16 लाख 43 हजार रुपये से अधिक की राशि ठग ली. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है.**

पहला और बड़ा मामला एनकेजे थाना क्षेत्र का है. यहां दुर्गा चौक, नायरा पेट्रोल पंप के पास रहने वाले सत्येंद्र कुमार पटेल (38 वर्ष), पिता रोहणी प्रसाद पटेल को साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाया.

पुलिस के अनुसार अज्ञात आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित को झांसे में लेकर उनके साथ 15 लाख 74 हजार 999 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर दी. मामले की शिकायत मिलने पर एनकेजे पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 319(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है. मामले की जांच प्रधान आरक्षक राजकुमार शर्मा द्वारा की जा रही है. दूसरा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र से सामने आया है. यहां खेरवाकला निवासी रमाकांत तिवारी (35 वर्ष), पिता सुशील कुमार तिवारी को अज्ञात ठग ने यूपीआई के माध्यम से निशाना बनाया.

जानकारी के अनुसार शक्ति मंदिर समदड़िया के पास आरोपी ने पीड़ित को किसी बहाने से झांसे में लिया और उनके खाते से 68 हजार 764 रुपये की राशि निकाल ली. शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# नशे से परेशान युवक ने खुद को मारी गोली



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 जुलाई. जिले के पोरसा कस्बे में शुक्रवार दोपहर एक 20 वर्षीय युवक ने कट्टे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली.**

**मौत से पहले बनाए वीडियो में कहा**

4 साल में 10 से 12 लाख रुपए नशे में बर्बाद किए आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में सर्वेश ने कहा कि वह पिछले चार वर्षों से नशे के इंजेक्शन का आदी हो चुका था. उसने दावा किया कि इस दौरान उसने 10 से 12 लाख रुपए नशे पर खर्च कर दिए .युवक ने कहा कि जब भी वह नशा करता था, उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ जाती थी और वह इस लत से बाहर नहीं निकल पा रहा था.

आत्महत्या से पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए नशे की लत को जिम्मेदार बताया. वीडियो में उसने एक मेडिकल स्टोर पर वर्षों से नशे के इंजेक्शन बेचने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग भी की है. घटना के बाद पुलिस ने संबंधित मेडिकल स्टोर को सील कर स्वास्थ्य विभाग को सूचना दे दी है. मृतक की पहचान सर्वेश राठौर (20) पुत्र राजू राठौर, निवासी गांधी नगर, पोरसा के रूप में हुई है. उसने अपने घर के सामने गली में देशी कट्टे से सीने में गोली मार ली.गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा. पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

# चेंबर ऑफ कामर्स की नई टीम ने किया पदभार ग्रहण



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 24 जुलाई.** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के निर्वाचन-2026 होने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा आज सायं चेम्बर भवन में पूजा अर्चना के पश्चातसैकड़ों की संख्या में उपस्थित सदस्यगणों के समक्ष सादगी के साथ पदभार ग्रहण किया।

निरीक्षण

**हाईकोर्ट ने कहा- हैदराबाद से लाये रेस के घोड़े किसे और कब बेचे पेश करें ब्यौरा**

# फार्म हाउस में संचालित हो रही है अवैध रूप से डेरी

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 24 जुलाई. हैदराबाद से जबलपुर लाये गये घोडे की मौतों को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से पेश रिपोर्ट में बताया गया कि तीन पशु चिकित्सक तथा थाना प्रभारी के द्वारा फार्म हाउस का निरीक्षण किया गया.**

फार्म हाउस में डेरी का संचालन होना पाया गया. याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि उन्होंने फार्म हाउस में निरीक्षण के लिए पनागर थाना प्रभारी से संपर्क किया था. थाना प्रभारी ने महाधिवक्ता कार्यालय से निर्देश नही प्राप्त होने की जानकारी दी थी. उनके बिना ही फार्म हाउस का निरीक्षण करते हुए जांच रिपोर्ट पेश की गयी है.

जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडूहार्स पावर लीग के सूत्रधार है. हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस कराकर उन्होने ट्रोपंग करेठस्ता नाम एप के माध्यम से फिलीपिंग में ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया. इस संबंध में फिलीपिंग सरकार ने केंद्र सरकार से शिकायत की थी. शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था. सुरेश पालगुडू के पास 150 से अधिक घोड़े थे और उन्होंने चार माह पूर्व कर्मचारियों को वेतन देना बंद कर दिया था. भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोड़ों की मौत हो गई थी. साक्ष्य छिपाने के लिए घोड़ों को नियम विरुद्ध तरीके से 29 अप्रैल से 3 मई 2025 को 57 घोडे प्रशासन व पशु विभाग को सूचित किये बिना जबलपुर लगाकर सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है. देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है.

पूर्व में केयरटेकर सचिन तिवारी ने हाईकोर्ट में पेश हफलनामा में बताया था कि हैदराबाद से लाये गये 57 घोड़ों में 19 की मौत हो गयी है . इसके अलावा 22 घोडो को बेच दिया गया है और तीन नये घोडे खरीदे गये है . वर्तमान में उसके पास 19 घोड़े है, जिनकी खुराक व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है . घोडे स्वस्थ है और उनकी देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है . याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को जिला पशु अधिकारी तथा थाना प्रभारी के साथ फार्म हाउस की जांच करने के निर्देश दिये थे . केयरटेकर की तरफ से बताया गया था कि उसने सभी घोडे बेच दिये है . याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने केयरटेकर को निर्देशित किया है कि घोडे किसे और कब बेचे है,इस संबंध में पूरी जानकारी प्रस्तुत करें .याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रायन डिसल्वा तथा अधिवक्ता सुरेश अवस्थी उपस्थित हुए .

# पूर्व जज गिरिबाला की जमानत पर फैसला आज

**भोपाल, 24 जुलाई. चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की नियमित जमानत अर्जी पर शुक्रवार को विशेष अदालत में सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया.**



अब अदालत शनिवार को जमानत याचिका पर अपना आदेश सुनाएगी. सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि वह एक महिला हैं और उनकी उम्र भी अधिक है. स्वास्थ्य और मानवीय आधार पर उन्हें जमानत दिए जाने की मांग की गई. वहीं, सीबीआई ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि केवल महिला होने के आधार पर राहत नहीं दी जा सकती. सीबीआई ने अदालत को बताया कि इस मामले की मृतका भी एक महिला थी, इसलिए लिंग के आधार पर जमानत का कोई औचित्य नहीं है. सीबीआई ने मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए जमानत अर्जी खारिज करने की मांग की.

**मेडिकल रिपोर्ट में स्वस्थ**

सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन ने गिरिबाला सिंह की मेडिकल रिपोर्ट भी अदालत में पेश की, जिसमें उन्हें स्वस्थ बताया गया. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र ने फैसला सुरक्षित रख लिया. अब इस बहुचर्चित मामले में शनिवार को आने वाले अदालत के आदेश पर सभी की निगाहें टिकी हैं.